NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 92/NCRES/19 Date : 25.03.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय:- ''सर्वोदया हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर,'' फरीदाबाद को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे से सम्बद्ध करने हेतु।

महोदय,

NCRES ने अपने पत्र दिनांक 20.02.2019 द्वारा अवगत कराया था कि ''सर्वोदया हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर'' एक मल्टी स्पेशिलिटी सेन्टर है, जहां हार्ट, किडनी, कैसंर आदि अन्य गम्भीर बीमारियों के इलाज एवं मरीजों के देखभाल की उचित व्यवस्था है। NCRES ने यह भी अवगत कराया है कि ''सर्वोदया हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर'' उत्तर रेलवे से सम्बद्ध है और हास्पिटल प्रबन्धन ने नार्थ सेन्ट्रल रेलवे से भी सम्बद्ध होने के लिये प्रार्थना पत्र दिया है।

NCRES ने अपने पत्र दिनांक 28.2.2019 द्वारा अवगत कराया था कि रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 23.12.2016 के अनुसार किसी भी रेलवे से सम्बद्ध प्राईवेट हास्पिटल में अन्य जोन के कर्मचारी भी इलाज के लिये यूनीफाइड MOU के द्वारा M/S UTIITSL की वेबसाइट के माध्यम से सीधे रिफर किये जा सकते है।

यह भी अवगत कराना है कि उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली से सम्बद्ध ''सर्वोदया हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर'', फरीदाबाद को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे से सम्बद्ध करने के लिये NFIR ने भी अनुरोध किया है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि उत्तर रेलवे, नई दिल्ली से सम्बद्ध ''सर्वोदया हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर'' फरीदाबाद को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे से भी सम्बद्ध किया जाय ताकि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के लाभार्थियों को गम्भीर बीमारियों के इलाज हेतु सीधे रिफर किया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री